तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024

5 गांवों में बंद हैंडपंपों की मरम्मत, कुआं और टंकियों...

6 निजी जमीन के लिए रास्ता देने शिवालय तोड़ने का फरमान




लोस चुनाव सहित कई कारणों से विलंब, छात्रों को बेसब्री से इंतजार

# मतदान के बाद आएगा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट अब दो दिन बाद आएगा। प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान आज है। रिजल्ट की घोषणा उसके बाद कभी भी की जा सकती है। उधर शिक्षक, पालक से लेकर छात्र सभी की नजर रिजल्ट पर टिकी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार शिक्षा विभाग की मेहनत रंग लाएगी और रिजल्ट अच्छा आएगा।

मार्च माह में ही 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं समाप्त हो गई थी। परीक्षा के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया था। अप्रैल माह में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हो चुकी है। सभी काम तय समय पर हुआ। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रिजल्ट की घोषणा के लिए 7 मई की तिथि निर्धारित की थी। चुनाव सहित अन्य कारणों ने 7 मई को रिजल्ट की घोषणा नहीं की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान आज होगा। प्रदेश की 7 लोकसभा सीटों पर मतदान को देखते हुए रिजल्ट की घोषणा की तारीख बदली गई है। अब 9 मई को बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आने की उम्मीद की जा रही है। उधर छात्र-पालक और शिक्षक सभी बेसब्री से रिजल्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त च्वाइस सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर सहित कई संस्थाओं को भी रिजल्ट का इंतजार है। घोषणा होने के बाद परिणाम देखने और प्रिंट निकालने के लिए उनकी संस्थाओं में छात्रों की भीड़ लगेगी।


फाइल फोटो

### 18 हजार छात्रों को परिणाम की प्रतीक्षा

इस साल कक्षा 12 वीं में 10569 परीक्षार्थी थे। कक्षा 10वीं में 8056 परीक्षार्थी थे। कुछ छात्रों को छोड़कर बाकी सभी ने परीक्षा दिलाई है। अब उन्हें रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। कक्षा 10वीं के छात्र रिजल्ट के आने के बाद ही आगे की पढ़ाई के लिए दिशा तय करेंगे कि उन्हें कौन का विषय लेकर पढ़ाई करनी है। यही स्थिति कक्षा 12वीं के छात्रों की है।

### रिजल्ट में सुधार की उम्मीद

पिछले दो साल से जिले का रिजल्ट काफी कमजोर रहा है। कक्षा 12वीं के रिजल्ट पर नजर डालें तो 2015 में 81.88 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इसी प्रकार 2016 में 85.89, 2017 में 77.47, 2018 में 79.29, 2019 में 85.32, 2020 में 84.48, 2021 में 98.02 प्रतिशत रिजल्ट आया था, जबकि 2022 में 76.11 प्रतिशत और 2023 में 72.71 प्रतिशत रिजल्ट आया था। लगातार गिरते परफार्मेंस को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अभियान चलाया। पूरे सालभर पढ़ाई की मॉनिटरिंग की गई। इस साल उम्मीद की जा रही है कि रिजल्ट अच्छा आएगा।

झाड़फूंक, अंधविश्वास प्रलोभन देकर लड़कियों, महिलाओं को जाल में फंसाता था

# यौन शोषण का अड्डा चलाने वाला ढोंगी बाबा गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम धौराभाठा ( लिमतरा) में श्री साईं शिवालय के नाम पर यौन शोषण का अड्डा चला रहे नन्द बाबा उर्फ नंदकिशोर कुंजाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।


आरोपी बाबा

मजार संचालक नंद किशोर कुंजाम उर्फ नंद बाबा तंत्र विद्या, झाड़फूंक, बंधन करने के नाम से परिवारों को अपने मजार में बुलाता था। लड़कियों, महिलाओं को झाड़ फूंक, अंधविश्वास, प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाकर उनका यौन शोषण करता था। इसकी जानकारी पीड़िता देविका (काल्पनिक नाम) ने विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री रामचंद देवांगन को दी। विहिप के जिला मंत्री रामचंद देवांगन और जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवं जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर के साथ विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए नंद बाबा के बारे में सारी जानकारी खंगाली और पीड़िता द्वारा बताए गए घटनाक्रम को सही पाया। दंड दिलाने अर्जुनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। अर्जुनी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के दिशा निर्देश पर तत्काल नंद किशोर कुंजाम उर्फ नन्द बाबा को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, धारा 376, 2 (एन) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। उसके वाहन क्रमांक सीजी 04 एमबी 6010 को भी जब्त किया गया।





जिला मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि इससे पहले नंदकिशोर कुंजाम द्वारा संचालित मजार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी संगठन को मिली थी। जांच चल रही थी।

# सड़क हादसे में नवदंपति गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ जगतरा टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

दुर्ग से वापस घर लौट रहे स्कूटी सवार नवदंपति ग्राम जगतरा टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। नवदंपति को रायपुर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर के ग्राम मालगांव निवासी घनश्याम साहू पिता सोहन कृषि विभाग कांकेर में पदस्थ हैं। सप्लाह भर पहले घनश्याम की शादी दुर्ग के उरला निवासी प्रीति साहू के साथ संपन्न हुई। शादी के बाद दोनों नवदंपति घूमने दुर्ग उरला गए थे जहां से सोमवार को स्कूटी में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए अपने घर लौट रहे थे। ग्राम जगतरा स्थित टोल प्लाजा के पास दोनों सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इस घटना में महिला के सिर व घनश्याम के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर हाईवे एम्बुलेंस 1033 तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल नवदम्पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।




# गांजा की तस्करी करते यूपी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ आरोपियों से स्कूटी व 1.64 लाख का अवैध गांजा जब्त

उड़ीसा से नगरी-सिहावा के रास्ते स्कूटी से गांजे की तस्करी कर रहे यूपी के दो तस्करों को अर्जुनी व साइबर पुलिस ने भोयना के पास गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से नगरी-सिहावा की तरफ से नीले रंग की ज्यूपिटर से गांजा की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। एसपी आंजनेय वाषर्णेय के निर्देशन में साइबर व अर्जुनी पुलिस की संयुक्त टीम ग्राम भोयना पहुंच पुल के पास घेराबंदी कर तस्करों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान नगरी की ओर से ज्यूपिटर क्रमांक सीजी 04 पीजे 9516 आते दिखी। पुलिस ने स्कूटी सवारों को रोककर चेकिंग शुरु कर दी। स्कूटी में दो युवक सवार थे। पूछताछ में स्कूटी सवारों ने अपना नाम अर्जुन पिता कन्हैयालाल 24 वर्ष व दीपक कुमार पिता सतीशंकर सिंह 24 वर्ष दोनों सेमरी थाना विंध्याचल जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश निवासी बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 16.410 किग्रा अवैध गांजा कीमत 1 लाख 64 हजार 100 रुपए व स्कूटी कीमत 50 हजार कुल 2 लाख 14 हजार रूपए जब्त की है। पुलिस ने धारा 20/बी 2/ बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत आरोपी अर्जुन व दीपक सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम, आरक्षक कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, योगेश नाग, बीरेंद्र सोनकर, आनंद कटकवार, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, विकास द्विवेदी, फनेश साहू, अर्जुनी थाना से एएसआई पुष्पा पांडे, उत्तम निषाद, आरक्षक खेमू हिरवानी व राजेश साहू का योगदान रहा।







## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सेलेगोंदी निवासी 40 वर्षीय श्रवण कुमार दर्रो पिता स्व. शिवलाल दर्रो ने 4 मई की रात 10 बजें से 5 मई को सुबह 6 बजें बीच खेत की ओर साजा पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराबखोरी करते पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा के पास 5 मई को दोपहर सवा 1 बजें रोड के किनारे आम जगह पर शराबखोरी करते आरोपी सारण्डा निवासी नरोत्तम यादव पिता बन्नूराम को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गोजी में श्रीमद्भागवत महापुराण आज से



**सिर्री।** ग्रामीण समाज और ग्रामवासियों के सहयोग से गोजी में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 7 से 13 मई तक किया गया है। कथावाचक पंडित मुकेश दीक्षित मुंगेली होंगे। वेदी पूजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे होगा। कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति प्राप्त करें। पहले दिन से ही लाभ
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल आमदी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,
1. निधि पिता दिगम्बर, ग्राम अर्जुनी
2. यशवंत पि. भुखन
3. परमानंद पि. भुवनलाल
4. सुनील अग्रवाल पि. गणेश प्रसाद अग्रवाल नि. रायपुर
5. घनश्याम पि. भुखन
6. मधुकांत पि. देवव्रत
7. हेमलाल पि. भुखन

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।
--00--

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक निधि पिता दिगम्बर ग्राम अर्जुनी धमतरी द्वारा ग्राम अर्जुनी प.ह.नं. 23 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 278/7, 278/8 रकबा 0.06, 0.07 हे. भूमि का सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के ज्ञा.क्र. 67 आदेश दिनांक 02/04/24 के परिपालन में सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 09/05/24 दिन गुरूवार को समय 9.00 बजे प्रातः से मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक : 02/05/24 राजस्व निरीक्षक आमदी

## सिवनीकला स्कूल में हुआ शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन एवं प्रेरक व्याख्यान

# असफलता हमारी सच्ची मित्र और मार्गदर्शक : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद






जिला कलेक्टर द्वारा जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के पूर्व दसवीं, बारहवीं के छात्रों को अवसाद एवं असफलता के भय से मुक्त रखने हेतु शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन एवं प्रेरक व्याख्यान का आयोजन करने निर्देशित किया गया था। व्याख्यान हेतु विभिन्न शासकीय अमलों से नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में विद्यार्थियों एवं पालकों को प्रेरित करने कुरूद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कश्यप को नियुक्त किया गया था।

बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। असफलता हमें मजबूत बनाने और हमारा मार्गदर्शन करने आती है। असफलता से हमें अपनी कमजोरियों और गलतियों का पता चलता है। सही मायने में असफलता हमारी सच्ची मित्र और मार्गदर्शक होती है जो हमें सही रास्ता दिखाती है। हमें कभी भी अपनी असफलताओं से हताश एवं निराश नहीं होना चाहिए।

उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कर्ट रिजटर के होप एक्सपेरिमेंट के बारे में विद्यार्थियों को बताया एवं जीवन में हमेशा उम्मीद बनाये रखने की बात कही। उन्होंने अपने व्याख्यान में कुरूद नगर के प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू एवं महासमुंद बागबाहरा कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं साहित्यकार रजतकृष्ण के जीवन का उदाहरण देते हुए कठिन समय में कभी भी उम्मीद न खोने की बात कही। उन्होंने रजत कृष्ण की कविता 'अंधेरे की उमर' का पाठकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सिवनीकला प्राचार्य टीआर पटेल, सिवनीकला के सचिव एनएस साहू, आयुर्वेद अधिकारी डा. ऋतु रात्रे, योग प्रशिक्षक योगेश साहू, व्याख्याता दीपक धीवर सहित कोसरे मैडम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएस साहू ने किया। आभार प्रदर्शन डीडी निर्मलकर ने किया।

मौके पर एलके नायक, डीआर बंजारे, हरीश साहू, जेके साहू, आर. पैकरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# कोर्रा में हुई आर्मी पुलिस भर्ती पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

डीजी ट्रेनिंग एकेडमी के तत्वावधान में स्कूल ग्राउंड कोर्रा में एक दिवसीय आर्मी पुलिस भर्ती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज यादव सीआईएसएफ जवान, एकेडमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सदस्यगण देवेश सेन, कमलनारायण, समीर, खोमेश, गुलेश, चेतना, छाया, दुर्गा, नोमिका, अनुराधा थे।

मुख्य अतिथि श्री यादव ने आर्मी एवं पुलिस भर्ती प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गुलशन साहू ने एकेडमी के संचालन के बारे में बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को आर्मी एवं पुलिस भर्ती के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क हैं। सभी ने अपना-अपना अनुभव शेयर किया। आने वाले दिनों में एकेडमी द्वारा एथलेटिक्स का ट्रायल किया जाएगा।

# फरसियां स्कूल में बच्चों को तनाव मुक्त रहने दिए टिप्स

- पालक बच्चों को सुरक्षित और खुशनुमा माहौल दें : शेषनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में बोर्ड परीक्षा के परिणाम के फलस्वरूप विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाले तनाव को दूर करने के लिए पालक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू थे। श्री साहू ने बालक पालक शिक्षक के मध्य संवाहक बनकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पालकों एवं विद्यार्थियों से अलग-अलग चर्चा की। प्रत्येक छात्र, प्रत्येक पालक के साथ शिक्षक एवं जनप्रतिनिधियों से शिक्षण गतिविधि, सामाजिक गतिविधि, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समय प्रबंधन, नकारात्मक तुलना, सकारात्मक संगति, वातावरण एवं तनाव प्रबंधन के प्रतिज्ञान का कौशल विकसित करने पर वक्तव्य देने के साथ पालक व शिक्षक एवं स्थानीय प्रशासकीय कर्मचारियों से परिचर्चा की।

पालक शेषनारायण सिन्हा ने अपने बच्चे को परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा पश्चात दी गई सुविधा के बारे में बताया। परीक्षा ही सब कुछ नहीं है, इस पर अपने विचार रखे। परीक्षा परिणाम कोई अंतिम परिणाम नहीं। यह तो जिंदगी में परीक्षा की शुरुआत है। इसके लिए पालक बच्चों को एक सुरक्षित और खुशनुमा माहौल देकर समझाएं कि वह पुनः साहस एवं आत्म बल से उत्कृष्ट प्रयास कर सफलता प्राप्त करें। नीरज सोन प्रभारी प्राचार्य ने माता-पिता का बच्चों के प्रति व्यवहार, दायित्व के बारे में बताया। डॉ प्रजापति ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित टिप्स दिए। शिक्षक पालक बैठक में परिणाम से उत्पन्न तनाव के समाधान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मीना देवी शांडिल्य सरपंच फरसियां, श्री सोम जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन धमतरी संकुल समन्वयक, पंचायत विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं 12वीं के छात्र-छात्राएं समेत ग्राम फरसियां, अमाली, गोरेगांव, बोड़रा, संबलपुर, गोरेगांव, चंदनबाहरा, घोरागांव के पालक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# परिणाम आशा के अनुरूप न होने पर डांटे नहीं

- बाजार कुर्रीडीह स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में पालक शिक्षक मीटिंग हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शाला के प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के अपेक्षित परिणाम न मिलने पर उत्पन्न तनाव को दूर करने और उन्हें संबल प्रदान कर किसी भी प्रकार के कदम उठाने से दूर करना था।

शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पालकों को समझाइश दी कि वे बच्चों के परिणाम आशा के अनुरूप न होने पर उन्हें डांटे नहीं, उनकी तुलना दूसरों से न करें बल्कि उन्हें प्यार से समझाएं ताकि वह आगे भविष्य में फिर से प्रयास कर सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार कुकरेल चित्रसेन साहू, विरेन्द्र कुंजाम,टिकेश यादव, धुरसिंह ध्रुव, नरेश मरकाम, चन्द्रकिरण नेताम, परसराम मरकाम, केशव सिन्हा, दिलीप सिन्हा, धनेश्वरी, डोमार सिंह, सरजू यादव, संतराम मरकाम, दशमत, हेमपुष्पा,शाला संस्था प्रमुख अभय राम ध्रुव, जीवनलाल साहू, समन्वयक शिवकुमार साहू, रामनाथ ध्रुव, चुम्मन साहू ,कमलेश कुमार निषाद, शिव कुमारी नेताम, केवल सिंह ध्रुव, श्वेता, भावना रामटेके, भागीरथी उपस्थित थे ।

# मोटिवेशनल वीडियो क्लिप दिखाकर तनाव को किया दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

- मेघा में हुआ पालक शिक्षक सम्मेलन



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के संबंध में पालक बालक शिक्षक सम्मेलन रखा गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के रूप में वीके शांडिल्य अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड डॉक्टर रूपेश साहू थे। व्याख्याता भावना चावड़ा, अवधराम साहू, इको प्रभारी कीर्तिलता साहू, परमेश्वर साहू, भूखनलाल साहू, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज व संस्था के प्राचार्य सुरेश साहू समेत अनेक छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम में पालक एवं बालकों से परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव पर चर्चा की गई। मोटिवेशनल वीडियो क्लिप दिखाकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया गया।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने अभिभावकों और बच्चों से चर्चा की। नोडल अधिकारी श्री शांडिल्य एवं डा. साहू ने बच्चों को तनाव न लेने एवं अंक ही सब कुछ नहीं है, यह मानकर आगे बढ़ने के सुझाव दिए। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य व्यवहार के संबध में चर्चा की। छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा के बारे में अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्तिलता साहू ने किया।

## कचना में लोककला महोत्सव का हुआ समापन

# कैकेयी-दशरथ संवाद, सीता हरण की झांकी ने किया दर्शकों को आकर्षित





हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



त्रिदेव रामधुनी व रामायण समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गौठान चौक बस स्टैंड कचना में रामजन्म एवं भव्य लोककला महोत्सव का आयोजन हुआ।

अंतिम दिवस रविवार को तुलसी के संदेश संपूर्ण महिला मानस मंडली बोरेंदा द्वारा राम जन्म पर सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। ग्राम डोड़की की आदर्श मंडली पंडवानी ने दर्शकों को आकर्षित किया। जय हनुमंत रामधुनी परिवार बोदाछापर ने कैकयी दशरथ संवाद प्रस्तुत किया। जय शीतला रामधुनी परिवार- बोड़रा द्वारा सीता हरण की झांकी दिखाई गई। संगी जहुरिया सत्संग रामधुनी परिवार गोजी के मिट्ठू साहु ने शुभ लाभ जन्म पर प्रस्तुति दी। जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार- आमदी ने सती अनुसुइया पर प्रस्तुति दी। श्री गणेश फाग मंडली भटगांव ने विष्णु के विभिन्न अवतार पर झांकी प्रस्तुत की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिवनारायण ताम्रकार अध्यक्ष जिला सिविल कांट्रेक्टर थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र वर्मा उपसरपंच, चैतन्य गिरी गोस्वामी सरपंच सरबदा, कन्हैया लाल सिन्हा सरपंच गाड़ाडीह, श्रीमती सुभद्रा मनोज साहू सरपंच नवांगाव, चेतन देवांगन सरपंच सुपेला, हीरासिंग ठाकुर सचिव, आशीष रात्रे, नरसिंग साहू, सोनसाय साहू, कुमार साहू, विरेंद्र सोनवानी, कामता साहू, संतो टंडन, चैनू साहू, दयालाल साहू, मोरध्वज साहू थे। कार्यक्रम का संचालन डा. चन्द्रकुमार चक्रधारी एवं पुरुषोत्तम सेन शिक्षक ने किया। इसी तरह विविध कार्यक्रम हुए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम रेणुका साहू, द्वितीय रुचि ग्रुप एवं तृतीय रूपाली साहू रही जिसे अतिथियों ने पुरस्कृत किया।




# नशामुक्ति ग्राम बनाने लोगों को किया प्रेरित

**धमतरी।** ग्रामीणों को नशा से मुक्ति दिलाने का बीड़ा कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोपेडीह (हंचलपुर) की महिलाओं ने उठाया है। इसके लिए उन्होंने रैली के जरिए नशामुक्ति आभियान चलाकर गांव को नशा मुक्ति ग्राम बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं किडनी रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ अक्षय बैद | डॉ करण सराफ | डॉ आशु जैन |
| --- | --- | --- |
| MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 03 व 17 मई 2024 शुक्रवार | MD,DM Nephrologist किडनी रोग विशेषज्ञ 07 मई 2024 शुक्रवार | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 10 मई 2024 शुक्रवार |



मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## बोड़रा हाईस्कूल में तनाव प्रबंधन पर हुआ कार्यक्रम

# कम अंक आने पर बच्चों पर दबाव न डालें : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने साथ ही जनजागरण लाने तथा बच्चों और पालकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाने के उद्देश्य से 4 मई को पूरे जिले भर के स्कूलों में तनाव प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय हाईस्कूल बोड़रा में भी शिक्षक, पालक बैठक रखी गई।

संस्था के प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कलेक्टर द्वारा भेजे संदेश एवं अन्य वीडियो को दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम आपके भविष्य का निर्धारण नहीं कर सकता। विद्यार्थी कम अंक आने या असफल होने पर कभी निराश न हो। उन्होंने जीवन में असफल हुए कई व्यक्तियों का उदाहरण देते हुए उनको प्रोत्साहित किया। पालकों से कहा कि कम अंक आने पर अपने बच्चों पर दबाव न डालें, घर में सुरक्षित माहौल बनाएं, उनके व्यवहार पर नजर रखें। संस्था के व्याख्याता केके साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। नोडल अधिकारी देवेंद्र नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मगरलोड एवं सीएचओ वेदिका साहू ने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न होने वाले तनाव से मुक्त रहने सरल टिप्स बताए ।

इस कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता एचके बंसोर, केएल साहू, डीके साहू, टीके साहू, रामस्वरूप साहू, ब्रह्मदेव साहू, उषा बाई साहू, दिलीप वर्मा, प्रेमनारायण साहू उपस्थित थे। व्याख्याता एचके बंसोर ने करियर गाइडेंस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**



## तीन दिनी बालवाड़ी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय में सीआसरी में 6 मई से तीन दिवसीय बालवाड़ी के अंर्तगत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एंव शिक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अजंली मंडावी, सीआरसी लतीफ कुमार सोम एवं जिला नोडल अधिकारी शशि सिंह की उपस्थिति में मॉ सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर प्रशिक्षण की शुरूवात किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालवाड़ी बच्चों का देखभाल खेल के माध्यम से बच्चों का पठन पाठन व शिक्षा की गुणवत्ता पर रहा। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में संचालित बालवाड़ी शिक्षक,शिक्षिका व आंगनबाडी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## पेड़ से टकराई बाइक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मुंगपाल हाई स्कूल के आगे मोड़ के पास 4 मई की सुबह साढ़े 7 बजें कोरर थानांतर्गत ग्राम मुंगवाल निवासी 39 वर्षीय नरसिंह ध्रुवा पिता रमजू ध्रुव मोटर सायकल मे सवार होकर तुएगहन की ओर जाते समय पेड़ से टकरा गया, जिससे उसके सिर व छाती में गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भानुप्रतापपुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## सात लीटर कच्ची शराब बरामद, महिला पकड़ाई

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत मनकेशरी में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए एक महिला को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा और उसके कब्जे में रखे 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए पता चला कि मनकेशरी निवासी शांता कोर्राम पति स्व. रंजन कोर्राम के द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब बनाकर रखी हुई है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने मामले की तस्दीक किया और तस्दीक करने के उपरांत छापामार कार्यवाही कर आरोपी महिला के घर दबिश दिया। तालाशी के दौरान महिला के घर में रखे 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं और नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मनकेशरी गाँव में अवैध शराब को लेकर लगातार कार्यवाही हो रही है।



## तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू, दुर्गूकोंदल परिक्षेत्र में हर्ष

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के परिक्षेत्र के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है और विगत वर्ष जो लक्ष्य निर्धारित था, उसी लक्ष्य को इस बार भी पूरा किया जाना है। अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्रहणों से अच्छी क्वालिटी का तेंदूपत्ता संग्रहण करने की बात कही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश नेताम ने बताया कि वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 18 समिति के अंतर्गत 182 फड़ो में तेंदूपत्ता खरीदी शुरू हो चुकी है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत खरीदी वर्ष 2024 में 38700 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को अच्छे गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता लाने की बात कही है। इस वर्ष तेंदूपत्ता खरीदी 5500 मानक बोरा से की जाएगी। और पूरे क्षेत्र में आज तेदूपत्ता खरीदी प्रारंभ हो गई है। जिला यूनियन प्रतिनिधि जोहन गावड़े और प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित दुर्गूकोदल सचालक मंडल प्रतिनिधि बूजलाल मरकाम ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए शासन के द्वारा निर्धारित छात्र छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति बीमा एवं अन्य योजनाओं का शासन के द्वारा दिया जाएगा।

### ग्रामीण इलाकों में पेयजल समस्या से निबटने बनी कार्ययोजना

# गांवों में बंद हेण्डपम्पों की मरम्मत कुओं और टंकियों की होगी साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के चलते भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए गांवों में स्थित ऐसे हेण्डपम्प जो खराब है, उनकी आवश्यक मरम्मत की जाये। इसके साथ ही कुओं और टंकियों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बरसात के पूर्व वाटर रिचार्ज हेतु ऐसे शासकीय भवनों को चिन्हांकित किया जाये, जिनके समीप हैण्डपम्प हों, ताकि बरसाती पानी को रिस्टोर किया जा सके, जिससे भू-जलस्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने ऐसे सभी शासकीय भवनों, हेण्डपम्प और बोर का जियो टैग अनिवार्य रूप से करने कहा, ताकि इनका डाटा संकलित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी शहरी क्षेत्र में जल उपयोगिता समूह का गठन कराएं। इसमें महिला स्व- सहायता समूह, एनआरएलएम, मितानिन को भी जोड़ें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख बारिश के पूर्व पौधारोपण के लिए स्थल चिन्हांकन और आवश्यक पौधों की जानकारी एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही पौधारोपण के लिए आवश्यकता अनुसार हॉस्टलवार पौधों की मांग संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, विनय पोयाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



#### मेडिटेशन के लिए शिक्षकों की जिम्मेदारी तय होगी

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में करियर मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेंस संबंधी जानकारी देने के निर्देश डीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि करियर काउंसिलिंग मेडिटेशन के लिए प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाये। मेधावी एवं कमजोर विद्यार्थियों को उनकी क्षमता अनुसार तैयार कर आगे बढ़ाने कहा। व्यायाम शिक्षकों को गावों में खेल खिलाने के लिए निर्देशित करने कलेक्टर ने डीईओ से कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए प्रत्येक स्कूल में कम्प्यूटर सेट की उपलब्धता की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने कहा।

#### नीट परीक्षा के लिए 'स्वाध्याय एप' शुरू

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए जिले में 'स्वाध्याय एप' शुरू किया गया है, इससे अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक 2 माह में पालक-शिक्षक संवाद आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों और पालकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहने कहा है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य, खनिज, महिला एवं बाल विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की।

# सड़क किनारे बोरी में मिली महिला की लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी जाने के लिए घर से निकली महिला की लाश दूसरे दिन तितुरगहन के पास सड़क किनारे बोरी में मिली है।

■ धमतरी जाने के लिए घर से निकली थी

सनौद पुलिस हत्या का मामला दर्जकर आरोपी की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम रमतरा निवासी भेश्वरी साहू उर्फ छोटी पति खिलावन उम्र 35 वर्ष शनिवार को पैसा व पर्स लेकर धमतरी जाने के लिए घर से निकली थी जो देर शाम तक घर नहीं लौटी। दूसरे दिन सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम तितुरगहन में सड़क किनारे एक बोरी पड़ी दिखी जिसमें से एक महिला की लाश दिख रही थी। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों की मौजूदगी में महिला की लाश को बोरी से बाहर निकालकर शिनाख्ति कराई। शव की पहचान शनिवार को धमतरी जाने के लिए निकली ग्राम रमतरा निवासी भेश्वरी साहू उर्फ छोटी के रूप में की गई।

बताया जाता है कि मृतिका खिलावन साहू की दूसरी पत्नी थी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्ति के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। महिला के परिजनों सहित सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया आरोपी महिला की हत्या कर शव को बोरी में भरकर सड़क किनारे फेंककर भाग गया है।

# सोनूराम समाज के भखारा परिक्षेत्र अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में सतनामी समाज तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

इसी क्रम में भखारा परिक्षेत्र का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से सोनूराम ढीढी को परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं बलीराम कोसरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को श्वेत गमछा भेंटकर एवं सामाजिक रजिस्टर सौंपकर ज़िम्मेदारी दी गई।

बैठक में प्रमुख सलाहकार डा सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, राजा बंजारे, महासचिव चंद्रकुमार बंजारे, मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे, ललित व समाजजन अधिक संख्या में उपस्थित थे।




# जीएसटी पर हुई कार्यशाला, व्यापारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्यकर जीएसटी विभाग धमतरी वृत्त द्वारा इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 6 मई को कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन धमतरी में किया गया। कार्यशाला में व्यवसायियों को जीएसटी अंतर्गत आने वाले व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण का अश्वासन दिया गया। जीएसटी अंतर्गत पंजीयन, पंजीयन में संशोधन, विवरणी प्रस्तुत करने एवं जीएसटी से संबंधित विभिन्न सूचना-पत्रों का समयपूर्वक जवाब देना आदि पर चर्चा की गई। इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यापारियों को व्यापार करने में पूरा सहयोग देने एवं उनके व्यापार को सरल, सुगम माध्यम देने की बात कही गई।

कार्यक्रम में संभागीय कार्यालय संभाग-दो रायपुर से मुकेश त्यागी उपायुक्त, धमतरी वृत्त से श्रीमती आहिल्या शुक्ला, राज्यकर सहायक आयुक्त, नरेश हुर्रा राज्य कर अधिकारी के अलावा व्यापारी प्रकोष्ठ के महेश जसूजा, सत्यनारायण राठी, मनसुख अग्रवाल, अरविंद दोशी, राजू लालवानी, सुरेश वाल्यानी, दीपक मंगलानी, राकेश अग्रवाल समेत अन्य व्यवसायी उपस्थित थे। श्रवण गोयल चार्टर्ड एकाउन्टेट ने जीएसटी अधिनियम के नये प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।




# डुबान प्रभावितों का व्यवस्थापन, सर्वे बिना लटका

■ शासन के आदेश के बावजूद सर्वे का काम नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन की लेटलतीफी के कारण गंगरेल डूब प्रभावितों के व्यस्थापन का कार्य रूक गया है। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में इस मामले में पेशी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में डूब प्रभावित पहुंचे थे। शासन व्दारा किसी भी प्रकार के मुआवजे एवं पुनर्वास के संबंध में प्रभावितों से जानकारी मांगी गई। प्रभावितों ने बताया कि बांध बनने के बाद से उन्हें और उनके परिवार को अभी तक न मुआवजा मिला है और न ही कहीं व्यस्थापन दिया गया है। हाईकोर्ट ने 3 माह के भीतर व्यवस्थापन देने का आदेश दिया है। एक वर्ष से जिला प्रशासन ने ग्राम जोगीडीह में सर्वे कर प्रभावितों को बसाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन यह प्रक्रिया अब लटकते नजर आ रही है क्योंकि अभी तक सर्वे का कार्य पूरा नहीं हो सका है।



सदस्यों ने बताया कि इस मामले में गंगरेल डुबान प्रभावित जनकल्याण समिति बड़ा आंदोलन करने के मूड में थी, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण आंदोलन स्थगित किया गया है। यदि आगे इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो समिति कड़ा रूख अपना सकती है।

समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने बताया कि उनके पूवर्जों के नाम पर स्थित भूमि का भू-अर्जन शासन द्वारा प. रविशंकर शुक्ल जलाशय परियोजना के अंतर्गत गंगरेल बांध के लिए किया गया है। लेकिन आवेदकगणों का व्यवस्थापन अब तक नहीं हो पाया है। वर्ष 2004-05 एवं 2008 के बीच 170 परिवारों को ग्राम जोगीडीह में बसाया गया, लेकिन बाकी डुबान प्रभावितों को नहीं बसाया गया । गंगरेल बांध डूब प्रभावित जनकल्याण समिति ने डूब प्रभावितों को भूमि आवंटन के आशय से माननीय उच्च न्यायालय छ.ग के समक्ष रिपीटिशन प्रस्तुत किया था, जिसका निर्णय 2012 में आया किन्तु राज्य प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसी तरह आत्माराम व अन्य 49 व्यक्तियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छ.ग के समक्ष रिपीटिशन क्रमांक 2055/2016 प्रस्तुत किया गया था। दोनों रिपीटिशन पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया कि 3 माह के भीतर सक्षम अधिकारी जांच प्रारंभ कर पात्र गंगरेल बांध डूब प्रभावितों को भूमि आबंटित करें। आज लगभग 3 वर्ष पश्चात भी माननीय उच्च न्यायालय छग द्वारा पारित आदेश के परिपालन में सक्षम प्राधिकारी के द्वारा भूमि आवंटन के संबंध में डूब प्रभावितों को कोई राहत प्रदान नहीं की गई है।

पेशी में शामिल होने तहसील कार्यालय पहुंचने वालों में आत्माराम ध्रुव, पंडोराम मंडावी, महराजी राम ध्रुव, पुष्कर सोरी, घनश्याम मरकाम, कृपा राम सिन्हा, सहदेव साहू, जयकुमार सेन, मूलकराम सिन्हा, कुंवर सिंग निषाद, प्रताप ध्रुव, चित्ररेखा ध्रुव, राधिका बाई पटेल व बड़ी संख्या में डुबान प्रभावित शामिल रहे।

# प्राचार्य ने दिए तनाव मुक्त रहने के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय हाईस्कूल छुही में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी कलीराम साहू बीईओ नगरी ने पालकों एवं विद्यार्थियों को एलईडी टीवी के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारियों के संदेश से रूबरू कराया। प्राचार्या अर्चना नेताम द्वारा तनाव मुक्त हेतु आवश्यक टिप्स दिया गया। विशेष अतिथि छबिलाल सिन्हा, गुप्ता प्रसाद कुंजाम ग्रामीण अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत साहू, तेजराम कुंजाम, चिंताराम कुंजाम सरपंच, शंकरलाल साहू थे। छात्रों एवं पालकों को तनाव से दूर रहने के तरीके बताए गए।

मौके पर चंद्रकांत सेन, हिराऊ ध्रुव, मो. ताज खान, जीवन लाल साहू, नंद कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू, बाबूलाल निषाद, श्रीमती लक्ष्मीबाई मंडावी, रमशीला चंद्राकर, यामिनी सिन्हा,गौरव चौरके आरएचओ, श्रीमती शैल सेन सीएचओ, लीलावती साहू आरएचओ, लक्ष्मी यादव, सुरेंदर कौर ओबेराय व्याख्याता, डीपी गोस्वामी व्याख्याता, कुलेश्वर कुमार उइके, कलाराम गंगेश, एनके गांवरे, सीएल साहू, श्रीमती दीपिका देवांगन, एन.साहू, मोंगरा ध्रुव, सुनीता सिन्हा समेत अनेक विद्यार्थी और पालकगण उपस्थित थे।

# परीक्षा परिणाम जो भी हो, उसे सहर्ष स्वीकार करें : दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम से उत्पन्न होने वाले तनाव को दूर करने हेतु शिक्षक, पालक एवं बालक परिचर्चा रखी गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महेशराम मरकाम जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं बाल संरक्षण अधिकारी, मुख्य वक्ता अनंत दीक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय धमतरी, डॉ. नवीन साहू सर्जन श्रीराम हॉस्पिटल, प्रदीप कुमार यादव प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब थे। मुख्य वक्ता दीक्षित ने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न होने वाले तनाव को दूर करने के टिप्स बताते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम जो भी हो, उसे सहर्ष स्वीकार करें। केवल 10वीं और 12वीं के परिणाम ही जीवन का अंतिम परिणाम नहीं होता है। डॉ. नवीन साहू ने पालकों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी एवं किस प्रकार अपने बच्चों के भविष्य को संवार सके इस पर बात रखी। प्राचार्य प्रदीप कुमार यादव ने भी अपने विचार रखे।





# डीजे डांस में धक्का-मुक्की, मना करने पर युवकों ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत ग्राम संगम में शादी समारोह में लगे डीजे में नाचने के दौरान लड़की द्वारा आरोपी को धक्का देने से मना करने पर आरोपी आवेश में आ गया और लड़की को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया। लड़की के पिता ने जब आरोपी को समझाने की कोशिश किया तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे। पीड़ित की शिकायत कर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 41 पुरूषोत्तमनगर निवासी 35 वर्षीय नारायण पात्र पिता दिनेश पात्र ने पुलिस को बताया कि 3 मई की शाम को मेरे छोटे भाई समीर पात्र के साला संगम निवासी विप्लव मंडल के शादी कार्यक्रम में शामिल होने अपने परिवार के साथ संगम गया था। शादी में मेरे छोटे भाई समीर पात्र व उसका परिवार तथा गांव के अन्य लोग भी गए थे। शादी का रिसेप्शन ग्राम संगम मेन चौक रोड के पास हो रहा था। शादी कार्यक्रम में डीजे डांस के दौरान मेरी बड़ी बेटी ईशा पात्र और भतीजा जीत पात्र को रात्रि करीबन साढ़े 9 बजे पीव्ही 46 निवासी विशाल बढ़ई पिता विमल बढ़ई निवासी के द्वारा डीजे में नाचने की बात को लेकर धक्का मुक्की कर गिरा दिए, जिसे ईशा पात्र के द्वारा धक्का देने से मना करने पर आरोपी गाली गलौज कर जान से मार दूंगा कहकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा। मेरे द्वारा भीड़ में बीच बचाव करने पर संगम निवासी वासुदेव हालदार पिता गौरंग हालदार मुझे गाली देकर जान से मार दूंगा कहकर हाथ मुक्का से मुझे मारपीट किया। आरोपी विशाल बढ़ई एवं वासुदेव हालदार के द्वारा हम लोगो को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आदिवासी गोंड़ समाज की बैठक 8 को

**कुरूद।** आदिवासी गोंड़ समाज तहसील कुरुद की बैठक 8 मई को केनाल रोड कुरुद स्थित आदिवासी सामुदायिक भवन में दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में तहसील के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से उपस्थिति की अपील तहसील महासचिव फलेन ध्रुव ने की है।

### रविवार इस साल का सबसे गर्म दिन रहा

**धमतरी।** इस ग्रीष्मकाल में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। सोमवार को भी पारा 42 से पार रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट होगी। मई माह के साथ सूरज आग उगलने लगा है। दोपहर को शहर सहित गांवों की सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। धूप से बचने लोग स्कार्फ, छाता, गमछा आदि का सहारा ले रहे हैं, वहीं गला तर करने शीतल पेय पी रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर संभाग के जिलों में सोमवार तक अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इसके बाद अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। आसमान पर बने सिस्टम में एक चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा से आंतरिक कर्नाटक होते हुए उड़ीसा तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। वहीं एक द्रोणिका उत्तरी बिहार के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण से शुरू होकर गंगटीय पश्चिम बंगाल होते हुए उत्तर उड़ीसा तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने विभाग अलर्ट

**धमतरी।** अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई यानी शुक्रवार को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर बाल विवाह की संभावना को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग अलर्ट हो गया है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य योजना बनाई गई है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिले के सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को फोन कर सूचना दी गई है कि उनके गांव में बाल विवाह नहीं होना चाहिए। ऐसा किसी के द्वारा किया जाता है तो तत्काल बाल विवाह को रोकते हुए जिला कार्यालय को सूचित करें। जिला बाल संरक्षक अधिकारी आनंद पाठक ने कहा कि ग्राम कोटवारों से गांवों में मुनादी कराई गई है। महिला एवं किशोरी बालिकाओं का समूह बनाया गया है। परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संबंधित गांव के पुलिस थाना प्रभारी, चाइल्ड लाइन टीम को सतर्क कर दिया गया है।

### पैराडाइज स्कूल के समर कैंप, 40 बच्चे शामिल

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल इमलीपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के कलात्मक एवं रचनात्मक विकास के लिए समर कैम्प का आयोजन 6 मई से शुरू हुआ जिसमें प्रथम दिन में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया।

---

**कालोनीवासियों ने कहा : शिव मंदिर तोड़ने पर धार्मिक उन्माद की जवाबदेही छग गृह निर्माण मंडल की होगी**

# निजी जमीन के लिए रास्ता देने शिवालय तोड़ने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




हटकेशर में अवैध प्लाटिंग का बड़ा खेला शुरु हो गया है। भू-माफियाओं ने प्रशासन को गुमराह करते हुए ऐसी चाल चली है कि काम बन गया तो उनकी पांचों अंगुली घी में होगी। यानी 600 फीट की भाववाली यह जमीन 2000 रुपए फीट हो जाएगी। खास बात यह है कि जिस जमीन के लिए शिव मंदिर और बाउंड्रीवाल हटाकर रास्ता मांगा जा रहा है, उसके आसपास निगम प्रशासन ने बोर्ड लगाकर सूचना लिखी है कि अवैधानिक प्लाटिंग में भूमि क्रय न करें, ऐसा करने पर रजिस्ट्री शून्य हो जाएगी।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेशर निवासी शिवकुमार नेताम, विनोद अग्रवाल, दीपक जैन, नीता अग्रवाल, नरेश अठवानी ने बताया कि उन्हें छग गृह निर्माण मंडल से पत्र मिला है कि कालोनी के रोड में चबूतरा निर्माण कर शिवलिंग स्थापित किया गया है, जिसे तत्काल हटाने को कहा है। इस संबंध में कालोनीवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2004-05 में हटकेशर आवासीय कालोनी का निर्माण रास्ता एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कर सर्वसाधारण को विक्रय की सूचना जारी की गई जिसमें स्वयं के आवास हेतु मकान क्रय किया है।

हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रेषित पत्र में उन पर मिथ्या आरोप लगाया गया है कि हाउसिंग बोर्ड की भूमि समाप्ति के पूर्व बाउंड्रीवाल के पहले रिक्त भूमि पर चबूतरा बनाकर शिवलिंग की स्थापना की गई है। जबकि उक्त शिवालय उनके मकान खरीदने के पूर्व से स्थापित है। यह शिवालय अब संपूर्ण कालोनीवासियों के लिए आस्था का केंद्र हैं। यहां हटकेशर विवेकानंद कालोनी, धर्म प्रेमी, शिवभक्त दर्शन पूजन के लिए आते हैं। हाउसिंग बोर्ड ने कालोनी निर्माण करने से पहले सीमा सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण किया है। बाउंड्रीवाल के ठीक पीछे निजी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा मिट्टी फिलिंग कर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। प्लाट को अच्छा दाम मिले, इसलिए हटकेशर मार्ग स्थित सीसी रोड को रास्ता नहीं बताकर कालोनी के रास्ते को जोड़कर विक्रय किया जा रहा है। इस रास्ते से शिव मंदिर तथा बाउंड्रीवाल को हटाने की मांग की जा रही है। वहां हाउसिंग बोर्ड की कोई बचत भूमि नहीं है।

हाउसिंग कालोनी के लोगों ने बताया कि शिवलिंग की स्थापना से कभी भी धार्मिक विवाद उत्पन्न हो सकने का आरोप लगाया गया है। यह आरोप मिथ्या एवं निराधार है। महादेव का मंदिर लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। यहां प्रत्येक सोमवार तथा महाशिवरात्रि पर विविध धार्मिक आयोजन होते हैं। यहां विगत 15 साल से सभी धर्म के लोग आपसी प्रेम और सौहाद्र से रहते हैं तथा सभी धार्मिक आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।

**धार्मिक विवाद की स्थिति होगी उत्पन्न**

कालोनीवासियों का कहना है कि छग गृह निर्माण मंडल द्वारा धार्मिक विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। विभाग का किसी पूर्वाग्रह अथवा भू-माफियाओं को अवैधानिक रूप से लाभार्जन को प्रकट करता है जिसका कालोनीवासी पुरजोर विरोध करते हैं। शिव मंदिर हटाने का पत्र निरस्त किया जाए। शिवालय जनमानस की धरोहर है। आस्था और विश्वास के प्रतीक को संरक्षित रखा जाए अन्यथा हटकेशर कालोनी ही नहीं अपितु धमतरी में धार्मिक उन्माद उत्पन्न हो सकता है जिसकी जवाबदेही छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण संभाग धमतरी की होगी।

### गुजरा में परशुराम जन्मोत्सव 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम गुजरा में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव 12 मई रविवार को



मनाया जाएगा। इस आयोजन में भखारा, धमतरी, कुरुद क्षेत्र के ब्राम्हण समाज प्रमुख व विप्र शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुहरीराम शर्मा धमतरी, मुरलीधर दीवान,यशवंत शुक्ला अध्यक्ष ब्राम्हण समाज भखारा, योगेश्वर उपाध्याय उपाध्यक्ष ब्राम्हण समाज भखारा होंगे। कार्यक्रम का समय दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे है। कलश यात्रा 3 बजे, भगवान परशुराम पूजा 4 बजे होगी। इसके बाद अतिथि उद्बोधन होगा। कार्यक्रम का आयोजन ब्राम्हण समाज भखारा परिक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है।

## सरकारी जमीन पर चंगाई सभा की शिकायत

- कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम मुजगहन में सरकारी जमीन पर चंगाई सभा के नाम से अवैध चर्च चलाने की शिकायत की गई है। समीपस्थ ग्राम मुजगहन निवासी रोशनपुरी गोस्वामी, देवेश साहू, भीखम साहू, दिलीप नेताम, लुमेशकुमार, वरूण, नितेश कामड़े, नारायण साहू आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम मुजगहन हिन्दू बाहुल्य गांव है। यहां पंचमुख हनुमान मंदिर के बाजू सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर नेताम परिवार तथा तालाब किनारे नगारची परिवार अवैध रूप से चंगाई सभा चला रहा है। मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। सोसायटी रजिस्ट्रेशन के नाम पर हिन्दुओं को अपने घर में बुलाकर अंधविश्वास फैलाया जा रहा है। देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर गांव की शांति व्यवस्था बिगाड़ी जा रही है। यहां लोगों को इसाई बनाने की साजिश रची जा रही है। ग्रामीणों ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कर अवैध चंगाई सभा चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

**भगवान परशुराम की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति की निकलेगी पालकी यात्रा**

## तहसील ब्राम्हण समाज धूमधाम से मनायेगा परशुराम जन्मोत्सव

- कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हुई समाजजनों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक किले के श्रीराम मंदिर इतवारी बाजार में हुई जहां समाजजनों द्वारा इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया।

तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस 10 मई को विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सुबह 9 बजे से रिसाईमाता मंदिर रामसागर पारा में ब्राम्हण समाज द्वारा पूजा-अर्चना, हवन एवं अष्टधातु से नवनिर्मित भगवान परशुराम की प्रतिमा का महाभिषेक कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। 12 मई को संध्या 5 बजे रिसाईमाता मंदिर से ब्रह्म गर्जना वाहन रैली निकाली जाएगी।

तृतीय दिवस 13 मई को संध्या 5 बजे भगवान परशुराम चौक म्युनिसिपल स्कूल के पास बस्तर रोड से पालकी यात्रा निकाली जायेगी जो शहर के हृदय स्थल मकई चौक पहुंचने पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा महाआरती की जायेगी। इसके बाद पालकी यात्रा सदर बजार होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्त होगी। आयोजन को लेकर कार्यों का विभाजन किया गया।

बैठक में भूपेंद्र मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, दीप शर्मा, राकेश तिवारी, विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, रत्नेश मिश्रा, अभिषेक शर्मा, आदर्श शर्मा, जगत दीवान, आशीष शर्मा, आर्यन शर्मा, प्रीतेश शर्मा, प्रणव पाण्डेय, यश पाण्डेय, हिना मिश्रा, सीमा चौबे, रानी तिवारी, सरिता तिवारी, गौरी मिश्रा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## अक्षय तृतीया पर दान करने से कभी क्षय नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया को अक्ती त्योहार के रूप में मनाया जाता है। बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को मनाया जायेगा। यह पर्व सनातन धर्मियों का प्रमुख पर्व है। इस दिन छत्तीसगढ़ में पुतरी पुतरा की शादी करने की परंपरा है।

अक्षय पर्व को मांगलिक कार्य के लिए शुभ माना जाता है लेकिन इस वर्ष शुक्र एवं गुरु के अस्त होने के कारण विवाह का मुहूर्त नहीं है। छत्तीसगढ़ में किसान अपने भरण पोषण और जीवन यापन के लिए अन्न को केवल वस्तु नहीं मानते हैं बल्कि अन्नपूर्णा माता के रुप में उसकी पूजन करते हैं। इस दिन ग्राम देवता ठाकुर देव को सिलयारी पत्ते का दोना बनाकर उसमें धान भरकर पूजा-अर्चना की जाती है। अच्छी फ़सल एवं अच्छी वर्षा की कामना करते हैं। उसी धान को ठाकुर देव का आशीर्वाद मानकर किसान फसल बोनी का कार्य प्रारंभ करते हैं।

विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस दिन प्रातः स्नान करके जप तप होम एवं पितृ तर्पण करने वाला अक्षय पुण्य फल का महाभागी होता है। इस दिन भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का अवतरण संध्याकाल गोधुलि बेला में हुआ था। अक्षय तृतीया पर मिट्टी का घड़ा, ऋतु फल सहित दान करने का विशेष महत्व है। दान करने से कभी क्षय नहीं होता है। पितृ भी प्रसन्न होते हैं।

## शादी से पहले घरवा देकर बेटी के पैर छुए

- उपहार ग्रुप ने आमदी की बेटी को दिया श्रृंगार सामान, ग्रीन आमदी क्लब ने भी किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आमदी की केशरबाई पति स्व. तेजराम कुंभकार की मंझली बेटी नोमिता का विवाह संपन्न हुआ। विवाह से पूर्व बेटी को उपहार ग्रुप धमतरी की सदस्यों ने आमदी जाकर केशरबाई के देवर मुन्नालाल कुंभकार के निवास स्थान में नोमिता का खोल भरा। ग्रुप की सदस्य श्रीमती ममता गोयल ने नोमिता का तिलक लगाकर एवं फूल की माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। नगर पंचायत आमदी के पूर्व अध्यक्ष मनोज साहू, पार्षद गजेंद्र कुंभकार, ग्रुप के सदस्य वंदना मिराणी, सुभाष मलिक, गौरव लोहाना एवं सरिता दोशी ने लहंगा चुन्नी, श्रृंगार के सामान और मिठाई एवं शगुन के लिफाफे से बेटी का खोल भरा और दांपत्य जीवन के लिए उपहार देकर शुभकामनाएं दीं। श्रीमती नेहा गोयल ने अपनी सासू मां श्रीमती ममता गोयल के साथ बेटी को घरवा दिया, पैर छुए और उसे अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिया। नेहा ने बताया कि घरवा उनके समाज की एक सुंदर रस्म होती है। बेटी की मां को इस रस्म की जानकारी पूर्व में दे दी जाती है। इसमें कुंवारी कन्या को विवाह के पूर्व सुहागन स्त्रियों के द्वारा सोने की नथ, चांदी की पायल, बिछिया, साड़ियां, कुछ बर्तन और श्रृंगार का सामान दिया जाता है।

नोमिता के चचेरे भाई डिकेश कुंभकार ने बताया कि 5 साल पूर्व बड़े पापा के गुजरने के बाद बड़ी मां को दो बेटियों एवं बड़ी दिव्यांग बेटी तथा एक बेटे के साथ जीवनयापन करना कठिन हो गया था। पढ़ाई और परवरिश के संघर्षों के चलते मंझली बेटी का रिश्ता बालोद जिले के खेरथा बाजार ग्राम में रिश्ता हुआ। उसके बाद उन्होंने बेटी को उपहार ग्रुप से संपर्क किया डिकेश ने बताया कि ग्रीन आमदी क्लब के सदस्य एवं ग्रामवासियों ने भी राशन का पूर्ण सहयोग दिया। धमतरी के धनराज लुनिया ने एक मंगलसूत्र का उपहार प्रदान किया। ग्रुप की संयोजिका डॉ.सरिता दोशी ने बताया कि घरवा जैसी सामाजिक परम्पराओं पर आस्था रखने वाली महिलाओं की वजह से आर्थिक रूप से असक्षम परिवार की बेटियों को विवाह में कुछ सोने चांदी के गहने और अच्छे उपहार मिल जाते हैं और पैर पूजना से बेटियों के प्रति लाड़ प्यार और सम्मान की अभिव्यक्ति भी होती है।

## अज्ञात महिला के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

झाड़ियों में मिली अज्ञात विक्षिप्त महिला की दो दिन बाद भी पहचान नहीं हो पाई। समिति ने शव का अंतिम संस्कार किया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम केरेगांव थाना क्षेत्र के कुकरेल-मोहलई मार्ग में 50 मीटर के पगडंडीनुमा रास्ते में झाड़ियों के बीच एक अज्ञात महिला की लाश मिली थी। वन विभाग के चौकीदार की सूचना पर केरेगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया।

शनिवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव को मर्च्यूरी के फ्रीजर में सुरक्षित रखवाकर उसकी शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। पुलिस दो दिनों तक जिले सहित आसपास के थानों में फोटो भेजकर मृतिका की शिनाख्ति व उसके परिजनों के आने का इंतजार किया लेकिन मृतिका की पहचान नहीं हो पाई।

**किया गया अंतिम संस्कार**

आखिरकार तीसरे दिन सोमवार को केरेगांव पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव को सेवा समिति को सौंप दिया। समिति के सदस्यों ने सोमवार को शमशान घाट में पूरे विधि-विधान के साथ अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान केरेगांव थाना से प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र साहू, आरक्षक जितेन्द्र, सेवा समिति के संतोष सार्वा व अन्य सदस्य, मुक्तांजलि चालक कौशल सिन्हा उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अज्ञात मृतिका कुछ दिनों से विक्षिप्त हालत में कुकरेल बस स्टाप व आसपास घूम रही थी।



### सशिमं रूद्री में हुई पालक शिक्षक बैठक

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि रूद्री में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम में संकुल समन्वयक गोविंद मीनपाल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी दिनों में आने वाली बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर पालक व बच्चों में उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए था। इस दौरान बताया गया कि बोर्ड का परीक्षा परिणाम चाहे अनुकूल हो या प्रतिकूल, इसकी चिंता नहीं करनी क्योंकि यह जीवन की सफलता नहीं है। अपने लक्ष्य को निर्धारित करके जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे तो जीवन में निश्चित सफलता प्राप्त होगी।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

**पाइकभाठा के ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

# गिट्टी खदान से हो रही ग्रामीणों की आस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अवैध रूप से संचालित गिट्टी खदान के कारण ग्रामीणों की आस्था प्रभावित हो रही है। जहां पर ग्रामीणों की आराध्य देवी है, वहां पर गिट्टी तोड़ने का काम चल रहा है। इससे ग्रामीण गांव बनाने की परंपरा का निर्वहन भी नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए गिट्टी खदान पर बैन लगाने की मांग की है।

सोमवार को बेलरगांव तहसील के ग्राम पाइकभाठा से बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर से शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि सिहावा पटवारी हल्का नम्बर 42 में खसरा नम्बर 795 शासकीय भूमि है। इस भूमि को ग्रामीण डीहीडोंगरी के नाम से जानते हैं जहां पर गांव की आराध्य देवी शीतला, पहाड़ वाली माता और नार वाली माता का निवास माना जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस शासकीय जमीन का रकबा 1.20 हेक्टेयर है, जिसे गिट्टी खदान संचालक ने निजी जमीन बताकर आवेदन पेश किया था। खनिज विभाग द्वारा भी नियम और शर्तों को ताक पर रखकर इस शासकीय जमीन को लीज में दे दिया गया। विडंबना यह है कि लीज की अवधि 5 साल पहले ही समाप्त हो चुकी है। इसके बाद भी यहां गिट्टी खदान चालू है। लगातार खुदाई के चलते 500 फीट से ज्यादा गहरी खाई बन चुकी है जहां पर हमेशा दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने इस गिट्टी खदान को बंद करने की मांग की है। मांग करने वालों में दौलतराम पटेल, गणेशराम पटेल, छनेंद्र पटेल, हेमलाल मरकाम, अंजनी पटेल, नूतन पटेल, पूर्णिमा पटेल, शारदाबाई, उमेश, हेमलता, गुलाब, सीमा, कुलदीप, छबिला, फगनी, सरस्वती, हेमंत, फुलेश्वर साहू, गुलाब सिंह, विद्याभारती शामिल हैं।

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411